**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 10 अक्तूबर 2024, समय 1810 (10 मिनट))**

- केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों के लिए एक लाख 78 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कर राशि जारी की।
- हरियाणा के मुख्य सचिव डॉ. टी.वी.एस.एन. प्रसाद ने सभी प्रशासनिक सचिवों को राज्य की मंडियों में धान और बाजरा की खरीद की व्यक्तिगत तौर पर निगरानी करने के निर्देश दिए।
- हरियाणा से आदर्श चुनाव आचार संहिता हटाई गई।
- केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर टेली मानस ऐप एवं वीडियो कॉल सुविधा का शुभारंभ किया।
- हरियाणा में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य के बारे जागरूक किया गया।
- हरियाणा में कल दुर्गा अष्टमी के मद्देनज़र स्कूल 10 बजे खुलेंगे।

**********************************************************************

केंद्र सरकार ने आज राज्य सरकारों के लिए एक लाख 78 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कर राशि जारी की। वित्त मंत्रालय के अनुसार आगामी त्योहारों और राज्यों के पूंजीगत व्यय में तेजी लाने तथा विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए एक अग्रिम किस्त जारी की गई थी। उत्तर प्रदेश को सबसे अधिक 31 हजार 962 करोड़ रुपये जारी किये गये।

***********************************************************************

हरियाणा के मुख्य सचिव डॉ. टी.वी.एस.एन. प्रसाद ने सभी प्रशासनिक सचिवों को राज्य की मंडियों में धान और बाजरा की खरीद की व्यक्तिगत तौर पर निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक सचिव कल मंडियों का दौरा करें और सुचारू खरीद सुनिश्चित करें ।डॉ. प्रसाद आज चंडीगढ़ से मंडलायुक्तों और उपायुक्तों के साथ खरीफ फसलों की खरीद, पराली जलाने और पटाखों की बिक्री और उपयोग के संबंध में एक वर्चुअल समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

उन्होंने अधिकारियों से  सभी मंडियों में खरीद प्रक्रियाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने को कहा। मुख्य सचिव ने कहा कि  किसानों से बातचीत करके खरीद प्रक्रिया के बारे में उनकी चिंता का समाधान किया जाए। उन्होंने आगामी दिनों में धान की आवक बढ़ने के मद्देनजर, उपायुक्तों को धान के उठान में तेजी लाने  को कहा  । डॉ. प्रसाद ने  मंडल आयुक्तों और उपायुक्तों को प्रदेश भर में पराली जलाने की घटनाओं की निगरानी और नियंत्रण के लिए तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि आग की घटनाओं पर तत्परता से नजर रखने के लिए उपग्रह डेटा और ग्राउंड रिपोर्ट का उपयोग किया जाए।मुख्य सचिव ने  कहा कि पराली जलाने के हानिकारक प्रभावों के बारे में किसानों को शिक्षित करने के लिए प्रभावी जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जाएं। इसके अलावा, पर्यावरण के अनुकूल फसल अवशेष प्रबंधन तकनीकों तथा सुपर सीडर और हैप्पी सीडर जैसे उपकरणों के लिए मिलने वाली सब्सिडी के बारे भी बताया जाए।डॉ. प्रसाद ने त्योहारों के मौसम से पहले जिला अधिकारियों को हानिकारक बेरियम साल्ट वाले पटाखों के उत्पादन, बिक्री और उपयोग पर सख्त प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए और नागरिकों को हरित पटाखों के पर्यावरण और स्वास्थ्य लाभों के बारे में बताने के लिए जन जागरूकता अभियान चलाने को  कहा उन्होंने कहा कि पटाखों के निर्माण, बिक्री और भंडारण की निगरानी के लिए प्रत्येक जिले में नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। जो  कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ मिलकर प्रतिबंध का उल्लंघन करने वाली अवैध निर्माण इकाइयों और बिक्री करने वाली दुकानों पर छापेमारी करेंगे।

**********************************************************************

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने कहा है कि हरियाणा विधानसभा आम चुनाव की चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही प्रदेश में लागू आदर्श चुनाव आचार संहिता हटा दी गई है।श्री अग्रवाल ने बताया कि निर्वाचन आयोग ने इस संबंध में आवश्यक अधिसूचना जारी की है इस अधिसूचना की एक-एक प्रति  केंद्र सरकार के कैबिनेट सचिव, राष्ट्रपति भवन, हरियाणा के मुख्य सचिव और मुख्य निर्वाचन अधिकारी को भी भेजी गई है।

*************************************************************************

हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री तथा अम्बाला छावनी विधानसभा से नवनिर्वाचित विधायक अनिल विज ने आज  अम्बाला सदर नगर परिषद के अधिकारियों के साथ बैठक की तथा विकास कार्यों

की समीक्षा की।श्री विज ने अधिकारियों को आबंटित निविदाओं के कार्य तत्काल प्रभाव से प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा अधिकारी सुनिश्चित करें कि विकास कार्य तय समय में पूरे हों। उन्होंने कहा कि सड़कों के जो निर्माण कार्य शेष रह गए हैं उन्हें भी जल्द पूरा किया जाए।उन्होंने अम्बाला छावनी में सफाई व्यवस्था में सुधार के निर्देश भी दिए ।

**********************************************************************

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने आज नई दिल्ली में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर टेली मानस ऐप और वीडियो कॉल सुविधा का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में विश्व स्वास्थ्य संगठन की टेली मानस मूल्यांकन रिपोर्ट और कर्मचारियों के लिए एक स्व-देखभाल मॉड्यूल भी जारी किया गया। मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव आराधना पटनायक ने कार्यस्थल पर मानसिक तनाव से निपटने के लिए समाधान की आवश्यकता पर प्रकाश डाला है। कार्यक्रम में विश्व स्वास्थ्य संगठन के भारत में प्रतिनिधि डॉ. रोडेरिको एच. ऑफ्रिन ने कहा कि वैश्विक आबादी का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा किसी न किसी रूप में मानसिक तनाव का सामना कर रहा है।

**********************************************************************

आज देश भर में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया गया । इस बार इस दिवस के थीम **कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य** के अनुसार कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पंचकूला के नागरिक अस्पताल में भी एक कार्यक्रम का आयोजन कर अधिकारियों और कर्मचारियों को मानसिक तौर पर स्वस्थ रहने के गुर दिए गए ।
पंचकुला नागरिक अस्पताल की सिविल सर्जन डॉ मुक्त कुमार ने बताया --

उन्होंने बताया कि सभी को बताया गया कि और लोगों से आपसी तालमेल को किस तरह से मजबूत कर सकते हैं और व्यवहार में सुधार कर सकते हैं। उन्होंने सभी कर्मचारियों से अनुरोध किया कि वह अपने काम वाली जगह पर बहुत ही शांतिपूर्वक ,खुशी से और रुचि लेकर काम करें । उससे उनको किसी भी तरह का तनाव किसी तरह का काम का दबाव महसूस नहीं होगा । डॉ मुक्ता कहा कि अधिकतर अधिकतर झगड़े कही सुनी हुई बातों पर होते हैं। तो इस तरह की बातों पर ज्यादा ध्यान न दे । और खुद देख सुन कर कोई फैसला करें।

**********************************************************************

जींद जिलें में भी आज विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर लोगों को मानसिक तनाव के कारणों ,इससे बचने के उपायों और उपचार बारे जागरूक किया गया। जींद में स्वास्थ्य विभाग की

ओर  से प्रियदर्शनी इंदिरा गांधी राजकीय महाविद्यालय  में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग के उप सिविल सर्जन एवं मानसिक स्वास्थ्य विभाग के जिला नोडल अधिकारी डॉक्टर संकल्प डोडा ने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया और उनके लक्षणों के बारे में भी विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सावधानियां रख कर तनाव मुक्त हुआ जा सकता है।
मनोरोग विशेषज्ञ डॉक्टर संकल्प डोडा ने बताया कि नागरिक अस्पताल में कोई भी व्यक्ति मानसिक रोग का उपचार कर सकता है।

विद्यार्थियों ने भी बताया कि आज इस  कार्यक्रम से  मानसिक रोगों के बारे उनके कई  भ्रम दूर हुए।

*********************************************************************
हरियाणा विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने कल दुर्गा अष्टमी के अवसर पर राज्य के सरकारी स्कूलों के समय में बदलाव करने के निर्देश दिए हैं।विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि दुर्गा अष्टमी के मद्देनजर स्कूलों सुबह 10 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक खुलेंगे। दोहरी शिफ्ट वाले विद्यालयों में पहली शिफ्ट का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक रहेगा जबकि दूसरी शिफ्ट का समय अन्य दिनों की तरह ही रहेगा।

********************************************************************

फरीदाबाद पुलिस सेक्टर 56 की अपराध शाखा ने 51 किलोग्राम से अधिक अवैध पटाखों के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता यशपाल के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी की पहचान कमलेश कुमार के रूप में हुई है, जो संजय कॉलोनी, मुजेसर का निवासी है। पूछताछ के दौरान, कमलेश ने बताया कि उसने दिल्ली में किसी व्यक्ति से 15,000 रुपये में प्रतिबंधित पटाखे खरीदे थे और वह पिछले 2-3 दिनों से पटाखे बेचने में जुटा था।